तर्ज पर बीबीए भी पार्ट टाइम • डिस्टेंस एजुकेशन विभाग करवाएगा यह कोर्स

देश में पहली बार डीएवीवी में पार्ट टाइम बीबीए, सिर्फ रविवार को लगेंगी कक्षाएं

दिनेश जोशी | इंदौर

देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी पहली बार पार्ट टाइम एमबीए की तर्ज पर पहली बार पार्ट टाइम (डिस्टेंस लर्निंग मोड में) बीबीए कोर्स भी करवाएगी। प्रदेश में पहली बार यूनिवर्सिटी के ही स्कूल ऑफ डिस्टेंस एजुकेशन में बीबीए पार्ट टाइम शुरू होगा। तीन साल के इस विशेष कोर्स की क्लासेस सिर्फ रविवार को लगेंगी। यूनिवर्सिटी ने इसी सत्र से कोर्स के लिए अनुमति मांगी है। संभवतः इस विभाग में शुरू हो रहे चार डिप्लोमा कोर्स के साथ ही इसकी शुरुआत भी 2019 में ही होगी। डिस्टेंस एजुकेशन विभाग खंडवा रोड स्थित तक्षशिला परिसर के आईएमएस भवन में चलता है। यहां एमबीए डिस्टेंस लर्निंग (तीन वर्षीय) पहले से ही चल रहा है। हालांकि आईएमएस में ही दो वर्ष का एमबीए एक्जीक्यूटिव कोर्स पहले से ही चल रहा है। पार्ट टाइम बीबीए का ऑर्डिनेंस समन्वय समिति से पास हो चुका है। नए कुलपति के आते ही औपचारिक अनुमोदन लिया जाएगा।

60 सीट से हो सकती है शुरुआत

03 साल को होगा कोर्स

कॉलेजों में बीबीए में एनुअल सिस्टम पुराने छात्रों पर लागू नहीं होगा

इधर, राज्य शासन द्वारा कॉलेजों में बीबीए में सेमेस्टर सिस्टम खत्म कर एनुअल सिस्टम लागू करने का निर्णय सिर्फ नए छात्रों पर लागू होगा। इस सत्र 2019-20 में प्रवेश लेने वाले छात्रों को ही एनुअल सिस्टम में पढ़ना होगा। जबकि पिछले साल या उससे उससे पहले एडमिशन लेने वाले छात्रों को सेमेस्टर से ही पढ़ाई पूरी करना होगी।

12वीं के बाद प्रवेश, फीस और समय जल्द निर्धारित होगा

इस कोर्स में प्रवेश 12वीं के आधार पर होंगे। मेरिट आधार पर सीट अलॉट होगी। हालांकि अभी फीस और क्लास का समय तय नहीं हुआ है। पहले दौर में 60 सीटों पर प्रवेश होंगे। डिस्टेंस लर्निंग मोड में चलने वाले इस कोर्स के लिए डीएवीवी ही स्टडी मटेरियल उपलब्ध करवाएगी। विभाग के डायरेक्टर प्रो. राजीव गुप्ता का कहना है कि सारी तैयारी हो चुकी है। सिर्फ कुलपति की सहमति का इंतजार है। हमारा प्रयास है कि 2019-20 सत्र से ही यह कोर्स शुरू हो जाएगा। डिस्टेंस लर्निंग मोड में बीबीए की खासी डिमांड है। पढ़ाई के साथ जॉब करने वाले और नियमित कक्षाएं अटेंड नहीं कर पाने वाले छात्रों के लिए